# दैनिक जागरण

बरेली, शुक्रवार
3 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18


**PAGE NO III : TOP**

# पांच लोगों को राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण, 216 को छात्रवृत्ति

## श्रीराम मूर्ति के 37वें स्मृति दिवस पर प्रो. बोस, प्रो. लवली, डा.नीलम मनीष और कर्णव को मिला राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट का गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम मूर्ति का 37वां स्मृति दिवस मनाया गया। इसमें ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने पीजीआइ चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष सर्जरी प्रोफेसर एसएम बोस, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छत्तीसगढ़ की कुलपति प्रोफेसर लवली शर्मा, एआरओएच की संस्थापक डा. नीलम गुप्ता, रिस्क एंड काम्पलाइनसेज इंजीनियरिंग सर्विसेज इनफोसिस लिमिटेड के हेड मनीष कुमार और युवा जलवायु परिवर्तन नायक कर्णव रस्तोगी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण से सम्मानित किया। कहानी प्रतियोगिता में विशाल पांडेय की कहानी 'मत बांधों इनको जंजीरों में' को प्रथम पुरस्कार के साथ 11,000 रुपये व प्रमाण पत्र दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत 216 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 3.5 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की।



श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में आयोजित प्रतिभा अलंकरण समारोह में विशाल पांडेय को प्रथम पुरस्कार के साथ 11 हजार रुपये प्रदान करते सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डा. डीसी वर्मा, साथ में विधायक डा.राघवेंद्र शर्मा, विधायक शहजिल इस्लाम और आदित्य मूर्ति • सौ से सौजन्य प्रकाशित

कहानी प्रतियोगिता में सौम्या नैन बिश्नोई की कहानी 'मन का अंतर्द्वन्द्व-सरिता की कहानी' के लिए द्वितीय पुरस्कार के रूप में 7,500 रुपये, निशांत कुमार को कहानी 'अधूरा चित्र' के लिए तृतीय पुरस्कार के रूप में 5,100 रुप, कहानी प्रतियोगिता में आदित्य कुमार गौतम की कहानी 'जिजीविषा' व आंचल सिंह की कहानी 'वाराणसी की परछाइयां, एक मौन चीख' को सांत्वना पुरस्कार मिला। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग में चल वैजयंती द गुरु स्कूल और महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विवि को प्रदान की। 'सोशल मीडिया के प्रयोग की न्यूनतम आयु सीमा होनी चाहिए' विषय पर कनिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में एसआर इंटरनेशनल स्कूल के अथर्व अग्रवाल, द गुरु स्कूल की कृतिका गंगवार प्रथम रहीं। 'भौतिक वादी दौड़ में मानवीय मूल्यों का ह्रास' विषय पर पक्ष में अभय सिंह, केसीएमटी और विपक्ष में राहुल भट्ट एसआरएमएस सीईटी प्रथम रहा। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक के दो दिवसीय रक्तदान कैंप में 109 यूनिट रक्तदान किया गया।

ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने श्रद्धांजलि प्रकट की। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों सीईटी, सीईटीआर, आइएमएस और रिद्धिमा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। देव मूर्ति ने कहा कि ट्रस्ट की स्थापना के साथ 1990 में छात्रवृत्ति देना आरंभ किया। पहले वर्ष 11 विद्यार्थियों को 21,000 रुपये छात्रवृत्ति में दिए। यह राशि आज 3.5 करोड़ रुपये पहुंच गई है। उन्होंने आइसीयू में 21 दिन से ज्यादा भर्ती मरीजों से आइसीयू और नर्सिंग चार्ज न लिए जाने, तीमारदारों को 12 रुपये में भोजन कराने के बारे में बताया। संचालन डा. अनुज कुमार ने किया।

श्रद्धांजलि समारोह में वन मंत्री डा. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक बिथरी चैनपुर डा. राघवेंद्र शर्मा, विधायक मीरगंज डा. डीसी वर्मा, विधायक भोजीपुरा शहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, ब्लाक प्रमुख भोजीपुरा योगेश पटेल, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, अशोक गोयल, गुरु मेहरोत्रा, डा. ओपी राय, डा. वंदना शर्मा, ट्रस्टी आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, ऋचा मूर्ति, श्यामल गुप्ता, अंकिता मूर्ति, देविशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, सेवानिवृत्त एयर मार्शल डा. एमएस बुटोला, प्राचार्य प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता, डा. मृत्युंजय महेश्वरी, डा. जसप्रीत कौर, डीन डा. शैलेश सक्सेना, डा. अमित कुमार शर्मा, डा. सौरभ गुप्ता, चीफ प्राक्टर विवेक यादव आदि मौजूद रहे।